# ओडिशा समाचार

कलिंग समाचार | राउरकेला, रविवार 31 मार्च 2024 | पृष्ठ-6


## बेटा बीजद में शामिल हुआ तो कांग्रेस विधायक पिता ने सभी पदों से दिया इस्तीफा

भुवनेश्वर ३०/०३ (संवाददाता): कांग्रेस की सभी कमेटी से विधायक सूर राउतराय ने इस्तीफा दे दिया है। बेटा मन्मथ राउतराय के बीजद से लोकसभा का उ मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने अपना इस्तीफा दिया है। एक पत्र लिखकर सूर राउतराय ने कहा है कि मैंने अपने छोटे बेटे मन्मथ को बहुत समझाया मगर वह नहीं माना और बीजद में शामिल हो गया है। यह मेरे स्वाभिमान के प्रति धक्का है। ऐसे में विवेक के दृष्टिकोण से मैंने सभी कमेटी से इस्तीफा दिया है। गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सूर राउतराय के बेटे मन्मथ राउतराय आज





बीजू जनता दल में शामिल हुए हैं और बीजद ने उन्हें भुवनेश्वर लोकसभा सीट से अपना उ मीदवार बनाया है।मन्मथ ने कहा है कि यह मेरे लिए गर्व की बात है। प्रदेश की एक नंबर पार्टी ने मुझे चयन किया है। नवीन पटनायक की नीति एवं आदर्श से प्रेरित होकर मैं बीजद में शामिल हुआ हूं।मुझे जो भी दायित्व मिलेगा उसे निभाऊंगा। बीजद में शामिल होने से पहले मन्मथ भुवनेश्वर माउसी मां मंदिर चौक से अपने कार्यकर्ताओं को लेकर एक विराट रैली में शंख भवन पहुंचे। हालांकि सुर राउतराय अपने बेटे की इस रैली में शामिल नहीं थे।हालांकि उन्होंने अपने बेटे को जिताने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि मन्मथ किसी भी पार्टी में जाएए वह मेरा बेटा हैए उसे हम जिताएंगे।

वहीं दूसरी तरफ सुर राउतराय का आशीर्वाद लेकर बीजद में शामिल होने की बात बेटे मन्मथ ने कही है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने पिता सुर राउतराय एवं मु यमंत्री नवीन पटनायक की प्रेरणा से मैं आगे बढ़ूंगा। बीजद में शामिल होना केवल मेरा अकेले का निर्णय नहीं है। यह मेरे परिवार का निर्णय है।

यहां उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले मन्मथ राउतराय कैप्टन की नौकरी छोड़कर भुवनेश्वर पहुंचेए तो भुवनेश्वर एयरपोर्ट पर सूर राउतराय एवं उनके सैकड़ों समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया था। इसके बाद सूर राउतराय ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में मन्मथ को घोषित किया था।तब उन्होंने कहा था कि जटनी से विधायक उ मीदवार मन्मथ राउतराय होंगे। हालांकि अब स्थिति बदल गई है और मन्मथ बीजद में शामिल होने के साथ ही बीजद से भुवनेश्वर लोकसभा के उ मीदवार घोषित किए गए हैं।

## एक बार फिर केबीएन गैंग का आतंक, बदमाशों ने बेवजह वाहनों को तोड़ा, बेकसूरों पर किया हमला

भुवनेश्वर ३०/०३ (संवाददाता): ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित नयापल्ली ब्रीट कालोनी इलाके में शाम को केबीएन ग्रुप का आतंक देखने को मिला। इनके हमले में तीन लोग ग भीर रूप से घायल हो गए हैं जबकि कई गाड़ियां चकनाचूर हो गई हैं। घायलों को कैपिटल अस्पताल में भर्ती किया गया है।

जानकारी के मुताबिकए मंगलवार शाम को 6 बाइक से 15 से अधिक युवक ब्रीट कालोनी में घुसे। इसके बाद सड़क किनारे जिसे भी देखा पीटना शुरू कर दियाए सड़क किनारे पार्किंग किए गए वाहनों को तोड़ दिया। यह स्थिति देख कुछ समय के लिए इलाके में आतंक सा माहौल बन गया। लोग अपने.अपने घरों में घुसकर घर के दरवाजेए झरोखे को बंद कर दिए। कुछ लोगों ने इसकी जानकारी कमिश्नरेट पुलिस को दी। खबर मिलने के बाद नयापल्ली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकिए जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक केबीएन ग्रुप के सदस्य वहां से फरार हो चुके थे। पुलिस मौके पर पहुंच इनका तांडव देख अचंभित रह गई। इस संदर्भ में लोगों की शिकायत के आधार पर एक मामला दर्ज घटना की छानबीन शुरू कर दिया है। यहां उल्लेखनीय है कि केबीएन ग्रुप के आतंक की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले इनके आतंकराज का वीडियो वायरल हुआ था और तब पुलिस ने इन्हें गिर तार किया था। गिर तार युवकों में से कुछ अब जमानत पर बाहर आए हैं। जमानत पर आने के बाद पुनरू ये लोगों के मन में भय फैलाना चाहते हैं।

## सामुदायिक शौचालय में ताला

राजगांगपुर ३०/०३ (संवाददाता): स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरपालिका द्वारा लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए सार्वजनिक शौचालय का दो महीने से ताला नहीं खोला गया है। ऐसे में राहगीरों सहित बगल में स्थित साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने और खरीदने आए लोगों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।



नगरवासियों की माने तो सामुदायिक शौचालय मात्र दिखावा बन कर रह गया है। स्थानीय लोगों को यह मालूम नही है कि शौचालय आखिर दो महीनों से बंद क्यों है। स्वच्छता अभियान पर जोर देते हुए नगर को खुले में शौच मुक्त करने के लिए सार्वजनिक सामुदायिक शौचालयों का निर्माण नगरपालिका की तरफ से कराया गया है लेकिन इसका उपयोग दो महीने से नहीं हो रहा है। जन सुविधा के लिए बना सामुदायिक शौचालय बंद रहता है। वार्ड नंबर एक में ठीक नगरपालिका के सामने बने इस सामुदायिक शौचालय के आसपास रहने वाले लगभग तीन दर्जन परिवारों के पास अपना शौचालय नहीं है। सामुदायिक शौचालय का निर्माण होने से लोगों में आस जगी थी कि अब खुले में शौच से मुक्ति मिल जाएगीए पर ऐसा नहीं हुआ। लोगों ने बताया कि दो महीने से यह शौचालय बंद पड़ा हुआ है। लोगों का कहना है कि सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी योजना के लाभ से गरीब वंचित हैं।

## भाजपा में शामिल हुए भर्तृहरि महताब, पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्र ने भी थामा कमल

भुवनेश्वर ३०/०३ (संवाददाता): भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली कार्यालय में गुरुवार को ओडिशा के दो बड़े नेता एवं एक वरिष्ठ समाजसेविका भाजपा में शामिल हुए हैं। इसमें कटक लोकसभा सीट से छह बार के सांसद भर्तृहरि महताबए अभिनेता तथा बीजद से दो बार सांसद रहे पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्र एवं बारीपदा की चर्चित चेहरा समाजसेविका पद्मश्री दमयंती मिश्रा भाजपा में शामिल हुए हैं। इस अवसर पर केन्द्र शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधानए भाजपा के उपाध्यक्ष बैजयंत पंडाए राज्य भाजपा के अध्यक्ष मनमोहन सामल मौजूद रहे।



अपनी प्रतिक्रिया में भर्तृहरि महताब ने कहा कि जीवन के पड़ाव में एक निर्णय लेना जरूरी होता है। राष्ट्रवाद और एकात्मता एवं पूर्वोदय तीनों का समाहार भाजपा के जरिए ही हो सकता है। पिछले 10 वर्ष से जो हमने अनुभव किया और मुझे लगा कि निर्णय सही होगाए इस समय भाजपा के साथ जुड़नाए राज्य की प्रगति और उन्नति के लिए काम करने का एक मौका भाजपा के जरिए कुछ कर पाना।

उन्होंने आगे कहा मैं शुक्रगुजार हूं कि मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की शक्तिए गृहमंत्री अमित शाह केविश्वास और नड्डा जी की प्रेरणा मिली है। एक नई टीम के साथ नई शुरुआत करने जा रहा हूंए मुझे आशा है आपका पूरा समर्थन मिलेगा। ओडिशा में जो परिवर्तन होने जा रहा हैए उसका आभास आप ओडिशा आकर खुद देख सकेंगे। यह परिवर्तन मोदी जी और गृहमंत्री के कारण हो रहा है। इसका संचालन मनमोहन जी एवं धर्मेन्द्र जी कर रहे हैं। पद्मश्री दमयंती मिश्रा ने कहा कि भाजपा में शामिल कराने के लिए प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री तथा केन्द्र मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को धन्यवाद देती हूं। मैं जनता के साथ तो पहले से ही थीए आज से सबका कल्याण कैसे होगाए सबका साथ सबका विकास के नारा जो भाजपा ने दिया हैए उसमें मैं सहयोग करूंगी।

पूर्व सांसद सिद्धांत महापात्र ने कहा कि 2009 में प्रधानमंत्री जब गुजरात के मु यमंत्री थे तब मैं गुजरात गया और देखा कि वह किस प्रकार से वह लोगों का ध्यान रखते हैं। प्रधानमंत्री जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा प्रदेश नेतृत्व मंडल का जो मार्गदर्शन मिलेगाए ओडिशा के लोगों से जो मार्गदर्शन मिलेगाए उसके हिसाब से काम करूंगा।

## फेमस यूट्यूबर के घर छापामारी के बाद पति-पत्नी के किया सरेंडर

भुवनेश्वर ३०/०३ (संवाददाता): वन विभाग के साथ लुकाछिपी खेलने के बाद आखिरकार जाजपुर जिले के एक चर्चित यू.ट्यूबर दंपति ने गुरुवार सुबह आत्मसमर्पण कर दिया। मोनालिसा और उनके पति ने जाजपुर रोड वन विभाग के कार्यालय जाकर आत्मसमर्पण कर दिया है। मोनालिसा ने जहल गांव स्थित अपने घर में बंदर और घोड़े पाल रखे थे। वे उनके साथ तस्वीरें लेकर हर दिन इंटरनेट मीडिया फेसबुक पर पोस्ट करते थे।लंबे समय से वे ऐसा कर रहे थे। पीसीसीएफऔर कटक डीएफओ के निर्देश पर रविवार सुबह जाजपुर रोड फॉरेस्ट रेंज ऑफिस के नेतृत्व में दो टीमों ने उनके घर पर छापा मारा। हालांकिए मोनालिसा और उनके पति रेड के बारे में जानकर फरार हो गए थे।वन विभाग ने मोनालिसा के घर से एक बंदर को बचाया।

वन विभाग की टीम मोनालिसा और उनके पति को पकड़ने की कोशिश कर रही थी हालांकिए वन विभाग को दंपति के बारे में कुछ पता नहीं चला।बाद में वन विभाग द्वारा इनके खिलाफ क्रमांक 275।24 पर मामला दर्ज किया गया।इन सब घटनाओं के बाद मोनालिसा और उनके पति ने आज सुबह सरेंडर कर दिया है।

मोनालिसा कभी बंदरों को खाना खिलाती थी तो कभी सांप पकड़कर नचाती थी। कभी.कभी वह घोड़े की पीठ पर बैठकर घुमती थी।इसे वह अपने यूट्यूब और इंटरनेट मीडिया पर वीडियो और फोटो पोस्ट करते थे।इसलिए उनकी अच्छी कमाई होती थी।

जाजपुर रोड वन प्रभाग के रेंज अधिकारी ज्योति रंजन महापात्र ने कहा है कि दंपति ने कानून का पालन करते हुए आत्मसमर्पण किया है। एसीएफ मामले की जांच कर रहे हैं।एसीएफद्वारा जांच किए जाने के बाद कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा के चार सांसदों के टिकट कटे, दो संसदीय क्षेत्र में बदले गए प्रत्याशी

भुवनेश्वर ३०/०३ (संवाददाता): ओडिशा में सत्ता पक्ष बीजद तथा प्रतिपक्ष भाजपा के बीच गठबंधन की संभावना खत्म होने के बाद भाजपा ने लोकसभा के लिए अपने उ मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। हालांकिए इस बार चार सांसदों के टिकट काटे गए हैं। कालाहांडीए संबलपुरए बरगढ़ और मयूरभंज के सीटिंग सांसदों के टिकट काट दिए गए हैं जबकि दो सीटों पर प्रत्याशी बदल गए हैं। बरहमपुर और कोरापुट लोकसभा क्षेत्रों के लिए भाजपा ने नया चेहरा दिया है। 2019 के आम चुनाव में देवगढ़ नरेश नीतीश गंगदेव संबलपुर से उ मीदवार थे। वह जीते और संसद गए। हालांकिए इस बार उनकी जगह केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को टिकट दिया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता बसंत पंडा भी कालाहांडी से सांसद हैं। हालांकि इस बार उनकी जगह मालविका केशरी देव को पार्टी ने उ मीदवार बनाया है। 2019 में विश्वेश्वर टुडु मयूरभंज से सांसद चुने गए। वह केंद्रीय मंत्री बने। उनकी जगह पार्टी ने इस बार नए चेहरे के तौर पर नवचरण मांझी को मैदान में उतारा है।2019 के चुनाव में कोरापुट लोकसभा सीट से जयराम पांगी भाजपा उ मीदवार थे। हालांकि अबकी बार नए चेहरे के तौर पर कालेराम मांझी को पार्टी ने उ मीदवार बनाया है। बरहमपुर लोकसभा सीट पर भृगु बक्शी पात्र की जगह प्रदीप पाणिग्रही को पार्टी ने लोकसभा उ मीदवार बनाया है।




## रॉ मटेरियल हैंडलिंग प्लांट में सुरक्षा संजोग सेतु एक नए फुट ओवर ब्रिज का उद्घाटन

राउरकेला ३०/०३ (संवाददाता): राउरकेला इस्पात संयंत्र ;आरएसपी के अंदर सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से निदेशक प्रभारी ;आरएसपी सह अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट श्री अतनु भौमिक द्वारा रॉ मटेरियल हैंडलिंग प्लांट ;आरएमएचपी में एक नए 105 मीटर लंबे फुट ओवर ब्रिज दृ सुरक्षा संजोग सेतु का उद्घाटन किया गया।



इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक ;वर्क्स श्री एस आर सूर्यवंशी, कार्यपालक निदेशक ;सामग्री प्रबंधन श्री सोमनाथ त्रिपाठी, कार्यपालक निदेशक ;चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा डॉ. बीण्के होता, कार्यपालक निदेशक ;कार्मिक एवं प्रशासन सह परियोजना के अतिरिक्त प्रभार श्री तरूण मिश्रए कार्यपालक निदेशक ;खान श्री आलोक वर्मा, कार्यपालक निदेशक ;वित्त एवं लेखा श्री एण्के बेहुरियाए मु य महा प्रबंधक ;आरएमएचपी श्री एस एस रॉय चौधरीए कई मु य महा प्रबंधक, विभागाध्यक्ष और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर बोलते हुए निदेशक प्रभारी ने पूरी सुरक्षा के साथ उत्पादन प्रक्रिया को बाधित किए बिना फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए विभाग के कर्मीसमूह और संबंधित विभाग को बधाई दी। शॉर्टकट कई बार ख़त्म कर देता हैए निदेशक प्रभारी ने यह कहते हुए. सभी से सामान्य जागरूकता पैदा करने और सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने के लिए पुल का उचित उपयोग सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

कार्यपालक निदेशक ;वर्क्स ने अपने संबोधन में सुरक्षा के संदर्भ में नए फुट ओवर ब्रिज के महत्व पर प्रकाश डाला और पुल के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने और सुरक्षित संस्कृति को मजबूत करने के लिए संवेदनशीलता की आवश्यकता पर जोर दिया।

श्री एस एस रॉय चौधुरी ने सभा का स्वागत कियाए कार्यान्वित परियोजना की संक्षिप्त जानकारी दी और कार्यक्रम का सञ्चालन किया. विशेषत: रॉ मटेरियल हैंडलिंग प्लांट 1994 में चालू किया गया था जब केवल ट्रैक हॉपर 1 और 2 और वैगन टिपलर 4 और 5 परिचालन में थे। इसलिए एक छोटा ओवरब्रिज बनाया गया जिसकी ऊँचाई कण थी। आधुनिकीकरण और विस्तारण के अंतिम चरण के बाद कई नए उपकरण और सुविधाएँ जोड़ी गई इसलिए अधिक ऊँचाई वाले क्रॉस ओवर ब्रिज की आवश्यकता थी।

इसके अलावाए लंबे पुल के अभाव में लोगों को रेक क्लीयरेंस के लिए इंतजार करना पड़ता थाए जिसके कारण काम में देरी होती थी।पुल का निर्माण एक बड़ी चुनौती थीए इसलिए इसे अनलोडिंग और ऑपरेशन को प्रभावित किए बिना इलैक्ट्रिक ओवरहेड लाइन को बंद करके कई चरणों में पूरा किया गया। योजना, निर्माण और स्था पन कार्य श्री एसण्एसण्रॉय चौधरी के मार्गदर्शन मेंए महा प्रबंधक ;मेकानिकल आरएम एचपी श्री एनण्सैंडिल के नेतृत्वा वाली समर्पित सदस्यों की एक टीम में शामिलए महा प्रबंधक ;ऑपरेशन श्री एण्केपी बार्ला, सहायक महा प्रबंधक ;इलैक्ट्रिकल श्री केण्के महांतो और आरएमएचपी के सहायक महा प्रबंधक ;मेकानिकल श्री एस भंजदेव, ट्रैफिक एवं रा-मटेरियल के महा प्रबंधकए श्री पी त्रीपाठी, सहायक महा प्रबंधक ;डिजाइन श्री शशी किरण, सहायक महा प्रबंधक ;परियोजना श्री मनीश कुमार एवं वरिष्ठ प्रबंधक ;सीईएस श्री अनाम चरण बेहेरा द्वारा किया गया।


**MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768 020, जिला - सम्बलपुर, ओडिशा
दूरभाष (ईपीएबीएक्स) : 0663-2542461 से 469, वेबसाइट : http://www.mahanadicoal.in

**सूचना**

"सामग्रीयों की खरीद कार्यो एवं सेवाओं के लिए सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है या इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

R-5200



Created with Print2PDF. To remove this line, buy a license at: http://www.software602.com/
Kalinga pg-6 for 31-MAR.pmd 1 3/30/2024, 10:42 PM